हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 आवारा मवेशी पकड़ने, चेम्बरों का लेवल ठीक...



07 हजारिया महादेव मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस...



### तालाबों की स्थिति चिंताजनक, सीवन नदी सूखी, पानी का दुरुपयोग नहीं रोका तो गर्मी में भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

# मार्च शुरू होते ही जवाब देने लगे जलस्त्रोत, दो दिन छोड़कर हो रही शहर में पेयजल सप्लाई

शहर के लगभग 2000 जलस्त्रोतों कुएं, ट्यूबवेल और हैंडपंप को रिचार्ज करने वाली सीवन नदी कई जगहों से पूरी तरह सूख गई है। नदी के सूखने का मुख्य कारण पानी का अंधाधुंध दोहन है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





शहर में इस साल गर्मी समय से पहले ही अपने तेवर दिखाने लगी है। अभी फरवरी का महीना खत्म ही हुआ है और शहर में पानी को लेकर संकट खड़े होने लगे हैं। एक तरफ नगर पालिका ने पाइपलाइन से जल सप्लाई का शेड्यूल बदलकर दो दिन छोडक़र कर दिया है तो दूसरी तरफ गिरते भू.जल स्तर ने नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। यदि समय रहते पानी के दुरुपयोग को नहीं रोका गया तो आने वाले दो-तीन महीनों में स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

बता दें शहर के कई वार्डों में हालात इतने खराब हैं कि लोगों का पूरा दिन सिर्फ पानी के इंतजाम में बीत रहा है। विशेषकर दशहरावाला बाग, भगवती कॉलोनी और इंदौर नाका जैसे क्षेत्रों में पाइपलाइन का पानी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। यहां के नागरिक पूरी तरह हैंडपंप या निजी ट्यूबवेल पर निर्भर हैं, लेकिन वाटर लेवल नीचे जाने से उन्होंने भी जवाब देना शुरू कर दिया है।

### सीवन ने भी छोड़ा साथ

शहर के लगभग 2000 जलस्त्रोतों कुएं, ट्यूबवेल और हैंडपंप को रिचार्ज करने वाली सीवन नदी कई जगहों से पूरी तरह सूख गई है। नदी के सूखने का मुख्य कारण पानी का अंधाधुंध दोहन है। नदी किनारे के किसानों ने मोटरों के जरिए सिंचाई की और ईंट भट्टा संचालकों ने भी पानी का जमकर इस्तेमाल किया। वर्तमान में केवल सीवन घाट के पास ही थोड़ा पानी नजर आ रहा है, जिससे आसपास के जलस्त्रोत दम तोड़ रहे हैं।

**तालाबों और डैम की स्थिति :** नगर पालिका भगवानपुरा, जमोनिया तालाब और काहिरी डैम से पानी फिल्टर कर शहर के 35 वार्डों में सप्लाई करती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति डराने वाली है। जमोनिया तालाब की क्षमता 27 फीट है, जबकि उसमें अब महज 19.3 फीट पानी रह गया है। भगवानपुरा तालाब की 23 फीट, जबकि पानी 14.8 फीट, काहिरी डैम 462.18 मीटर उपलब्ध है।

### सावधान, पानी का दुरुपयोग पड़ेगा भारी

बता दें इस बार पर्याप्त बारिश नहीं हुई, यही वजह है कि शहर की प्यास बुझाने वाले जल स्त्रोत खाली रह गए हैं। अभी ठीक ढंग से गर्मी की शुरुआत भी नहीं हुई और जल स्त्रोतों पर संकट मंडराने लगा है। यदि नागरिकों ने पानी का दुरुपयोग नहीं रोका तो अप्रैल और मई महीने में पीने के पानी के लाले पड़ जाएंगे। पाइप से गाड़िया धोना, आंगन सींचना और टोटियां खुली छोडना पूरे शहर के लिए मुसीबत बन सकता है।

### नल कनेक्शन की स्थिति

बता दें शहर की करीब सवा लाख आबादी को पानी पिलाने की जिम्मेदारी नगर पालिका पर है। शहर में कुल 18 हजार 500 नल कनेक्शन और 23 हजार मकान हैं। पहले एक दिन छोडक़र 90 लाख लीटर पानी दिया जाता था, लेकिन अब पानी बचाने के लिए दो दिन का अंतराल कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन प्रारंभ अंतिम तिथि 20 मार्च

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से सरसों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 20 मार्च तक चलेगा। सरसों का पंजीयन गेहूं, चना, मसूर पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने सरसों की बुवाई की है वे अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी- विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति ले जाना अनिवार्य है। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा, इसलिए किसान अपने आधार और बैंक खाते को मोबाइल नम्बर से लिंक कराकर रखें।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई



**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र/ जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दंडित करने का प्रावधान है।

### धनगर समाज में मौत पर बर्तन पतासे बांटने की प्रथा बंद

**सीहोर।** होली पर धनगर गडरिया समाज ने सामाजिक सुधार का फैसला लिया। समाज ने मृत्यु के बाद होली पर बर्तन, पतासे, दूसरी सामग्री देने की कुप्रथा पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलेगी।

समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और कार्यालय प्रभारी मधुसूदन धनगर ने बताया कि मालवा क्षेत्र में वर्षों से यह परंपरा चल रही थी। किसी परिवार में मृत्यु होने पर शोकग्रस्त परिवार रिश्तेदारों, समाजजनों को बर्तन, पतासे, दूसरी सामग्री बांटता था। समय के साथ यह परंपरा सामाजिक दबाव बन गई। कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा। शोक के समय सहानुभूति, सहयोग की जरूरत रहती है। यह प्रथा परिवार को आर्थिक तनाव में डाल देती थी।

इस होली से प्रथा खत्म करेगा समाज उन्होंने कहा कि समाज के कई जागरूक गांवों में यह कुप्रथा पहले ही बंद हो चुकी है। अब निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश के सभी जिलों के हर गांव में इस होली से इसे पूरी तरह खत्म किया जाएगा। समाज की बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मृत्यु के अवसर पर किसी भी तरह की वस्तु वितरण की परंपरा तत्काल प्रभाव से बंद रहेगी। बच्चों की शिक्षा पर होगा खर्च समाज ने आह्वान किया कि इस प्रथा में होने वाला खर्च बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज के विकास कार्यों में लगाया जाए। समाजजनों ने कहा कि शोकग्रस्त परिवार पर आर्थिक बोझ न डाला जाए। नैतिक, भावनात्मक, मानवीय सहयोग दिया जाए, ताकि कोई परेशान न हो।

### हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

**सीहोर।** हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है।

## आज रात में दिखाई देगा रक्तिम चंद्रमा, ग्रहण के साथ रक्तिम चंद्रमा का उदय होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

इस साल के मार्च की शुरुआत एक खगोलीय घटना यानि रक्तिम या खूनी चंद्र ग्रहण (ब्लड मून) के साथ होने जा रही है। मंगलवार को शाम ढलने के साथ चंद्रमा का उदय के समय (ब्लड मून) चंद्रग्रहण के साथ देखने को मिलेगा। पूर्णिमा के इस चंद्रमा की चमक फीकी और लाल-नारंगी रंग की लालिमा के साथ इसका उदय तो होगा किंतु उदय के कुछ समय के बाद ही धीरे-धीरे लाल-नारंगी गायब होने लगेगी और साथ ही इसकी चमक समय के साथ ही बढ़ती जाएगी।

इस घटना पर जानकारी देते हुए स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक जागरुकता के लिए कार्य करने वाली संस्था ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के खगोल विशेषज्ञ शैलेंद्र कसेरा ने बताया कि चंद्र ग्रहण लगने के लिए दो चीजें सबसे जरूरी हैं पहला उस दिन पूर्णिमा हो और दूसरा उस समय सूर्य पृथ्वी और



फाइल फोटो

चंद्रमा लगभग एक सीध में हों। जब सूर्य पृथ्वी और चंद्रमा एक सरल रेखा में आ जाते हैं तब चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ती है तो इसे चंद्रमा आंशिक या पूर्ण रूप से दिखाई नही देता है जिसे ही चंद्रग्रहण कहते है। आज का ग्रहण लालिमा युक्त आंशिक या खंडग्रास चंद्रग्रहण हैं। जिसकी अवधि 1 घंटे 24 मिनट की रहेगी। वैसे तो यह ग्रहण दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू हो जायेगा किंतु भारत में चंद्रमा क्षितिज के नीचे रहने के कारण यह अंतिम चरण में शाम को 6 बजकर 28 मिनट से ही दिखाई देगा। यह 6 बजकर 31 मिनट पर अपने चरम पर होगा तब चंद्रमा का लगभग 21 प्रतिशत भाग नारंगी-लाल प्रकाश से आच्छादित होगा। 7 बजकर 47 मिनट पर ललिमा युक्त आंशिक ग्रहण समाप्त हो जाएगा। इसके बाद शेष उपछाया ग्रहण रहेगा जिसमें चन्द्रमा की चमक फीकी रहती हैं और यह उपछाया ग्रहण 8 बजकर 53 मिनट पर समाप्त हो जाएगा और चन्द्रमा की चमक पूरी तरह से लौट आएगी। एक घंटे से ज्यादा समय तक चलने वाला आंशिक या खण्डग्रास ग्रहण में चंद्रमा का 21 प्रतिशत भाग लाल-नारंगी रंग में दिखाई देगा किंतु ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत में जब चंद्रमा उदय होगा तब ग्रहण अपने अंतिम चरण में होगा। इसलिए यहां पूरा लंबा चरण नहीं बल्कि अंतिम करीब 15 से 25 मिनट का दृश्य अधिक स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा।

## जिले में 17 हजार 391 मृदा नमूने संग्रहित, 12 हजार 916 का परीक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मृदा परीक्षण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा अब तक जिले में 17 हजार 391 मृदा नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिनमें से 12 हजार 916 नमूनों का परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

कृषि अधिकारियों ने बताया कि मृदा परीक्षण के माध्यम से खेतों की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की स्थिति का आकलन किया जाता है। इससे किसानों को यह जानकारी मिलती है कि उनकी भूमि में किस तत्व की कमी या अधिकता है, जिससे वे संतुलित उर्वरक का उपयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि शेष नमूनों का परीक्षण शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट किसानों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आगामी फसल चक्र में किसान वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप उर्वरक प्रबंधन कर सकें।

किसानों ने भी मृदा परीक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे लागत में कमी आती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि विभाग ने अधिक से अधिक किसानों से अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराने की अपील की है, ताकि जिले में टिकाऊ एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा मिल सके।

## जनगणना 2027 के तहत जिले में मकानों का किया जा रहा सूचीकरण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। हालांकि प्रथम चरण 01 मई से प्रारंभ होगा, जो 30 मई 2026 तक चलेगा, पर प्रथम चरण का कार्य अभी से ही प्रारंभ कर दिया है, ताकि कार्य को समय से पहले ही पूर्ण किया जा सके। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है। इस बार जनगणना पूरी तरह




डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है।

**नागरिक खुद भर सकेंगे स्व-गणना पोर्टल पर जानकारी :** जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जन गणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे।

**जनगणना में ली जाएगी यह जानकारी :** जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा।

### 19 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 के बीच 66 मामले दर्ज हुए

# अवैध खनन पर विभाग सख्तः 66 मामलों में 23 लाख से अधिक की वसूली, कई उपकरण जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके बावजूद अवैध खनन के मामले सामने आ रहे हैं। 19 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 के बीच विभाग ने 66 मामले दर्ज किए।

इन मामलों में कुल 24 लाख 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें से करीब 23 लाख 75 हजार रुपये की वसूली हो चुकी है। इस दौरान 53 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 डंपर, 7 जेसीबी और अन्य मशीनें जब्त की गईं।

**सैकड़ों वाहन और मशीनें जब्त, संवेदनशील क्षेत्रों में सख्त निगरानी :** खनिज विभाग ने बताया कि जिले में खनिज राजस्व वसूली और अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन और भंडारण के 306 मामले दर्ज किए गए थे।



इन मामलों में लगभग 1 करोड़ 27 लाख 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया और 1 करोड़ 26 लाख 57 हजार रुपये की वसूली की गई। इस दौरान 218 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 43 डंपर, 6 पोकलेन, 22 जेसीबी, पनडुब्बी, लोडर और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

अवैध उत्खनन और परिवहन को पूरी तरह रोकने के लिए राजस्व, पुलिस, खनिज और परिवहन विभाग मिलकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में नियमित जांच की जा रही है ताकि खनिज गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### होली पर्व पर तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी का सामाजिक योगदान

## रंग-बिरंगे कलर, पिचकारी और मिठाई का उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी, उज्जैन ने समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था की टीम ने शहर की विभिन्न गरीब बस्तियों का दौरा कर छोटे-छोटे बच्चों को गुलाल, रंग-बिरंगे कलर, पिचकारी और मिठाई वितरित की। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान देखने लायक थी और पूरे क्षेत्र में खुशियों का माहौल बन गया। सोसाइटी द्वारा इस अवसर पर 50 से अधिक झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को होली की शुभकामनाओं के साथ घर-घर जाकर मिठाई बांटी गई।

संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी कई वर्षों से निरंतर समाज सेवा के विविध कार्य कर रही है। संस्था समय-समय पर गरीब बस्तियों में दवाइयाँ, बच्चों को स्कूल बैग, दीपावली पर कपड़े, मिठाई व पटाखे, किराना सामग्री तथा रक्षाबंधन पर बहनों को साड़ी और मिठाई जैसी आवश्यक वस्तुएं वितरित करती रही हैं। होली के इस विशेष कार्यक्रम में सोसाइटी की पूरी टीम उपस्थित रही और सभी ने मिलकर जरूरतमंदों के बीच रंग, मिठास और खुशी बांटी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जन सामान्य के हित/जानमाल की सुरक्षा तथा लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए देवास जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना डी.जे./ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेगा। प्रत्येक को म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना आवश्यक होगा। कोई व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य कोई भी धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में एसिड, पेट्रोल, केरोसिन आदि ज्वलनशील पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा या लेकर नहीं चलेगा या उपयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन हेतु सक्षम अधिकारी की अनुमति बिना टेंट, पांडाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष किसी भी सड़क, रोड, रास्ता हाईवे, आदि पर एकत्रित होकर यातायात में व्यवधान नहीं करेंगे या किसी अन्य प्रकार से कोई रुकावट उत्पन्न नही करेंगे या किसी व्यक्ति को आने जाने से नहीं रोकेंगे।

### समयावधि पत्रों व सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की निगम आयुक्त ने की समीक्षा

# आवारा मवेशी पकड़ने, चेम्बरों का लेवल ठीक करने अधिकारियों को दिए निर्देश

**समीक्षा के दौरान आयुक्त ने स्वनिधि से समृद्धि, संबल योजना तथा कर्मकार कल्याण योजना से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के तहत विक्रेताओं को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने तथा इस पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

निगम बैठक हाल में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली समयावधि पत्रों की समीक्षा के अंतर्गत सोमवार 2 मार्च को आयुक्त दलीप कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों तथा विभागीय कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।समीक्षा के दौरान आयुक्त ने स्वनिधि से समृद्धि, संबल योजना तथा कर्मकार कल्याण योजना से संबंधित जानकारी ली।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के तहत विक्रेताओं को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने तथा इस पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन अधिकारी से ई-केवाईसी, वेरिफिकेशन और नए आवेदनों की जानकारी लेते हुए ई-केवाईसी के लंबित मामलों को शीघ्र पूर्ण कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कहा।बैठक में शहर में आवारा मवेशियों एवं आवारा श्वानों से संबंधित शिकायतों पर भी चर्चा हुई।

आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवारा मवेशियों और श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई तेज की जाए, ताकि नागरिकों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।आयुक्त ने सभी उपयंत्रियों को वार्डवार बिल्डिंग परमिशन से संबंधित कम्पाउंडिंग के दिए गए लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और जल्द लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नए सड़क निर्माण और पूर्व में बनी सड़कों पर चेम्बरों का लेवल ऊपर-नीचे होने से राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को चेम्बरों का लेवल मेंटेनेंस करने के निर्देश दिए।बैठक में विद्युत खपत एफिशिएन्सी को लेकर भी चर्चा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत खपत का सही आकलन करने के लिए प्रॉपर भौतिक सत्यापन किया जाए। अंत में आयुक्त ने समयावधि पत्रों और सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए।

# गौवंश अवशेष के कथित अपमान को लेकर सर्व गौरक्षक एवं सर्व हिन्दू समाजजन का प्रदर्शन

### भूख हड़ताल की दी चेतावनी




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर गौवंश के अवशेष को कथित रूप से अव्यवस्थित तरीके से फेंके जाने के विरोध में सोमवार को सर्व गौरक्षक एवं सर्व हिन्दू समाजजन ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिक निगम देवास के आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। गौसेवक सयाजी द्वार स्थित लाल गेट के राजा मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। गौ सेवकोका आरोप है कि 24 फरवरी 2026 को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर नगर निगम कर्मचारियों द्वारा गौमाता के शवों को विधि-विरुद्ध एवं असम्मानजनक तरीके से फेंका गया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि विरोध जताने पहुंचे गौरक्षकों के साथ कर्मचारियों ने कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। प्रदर्शनकारियों के अनुसार गौरक्षको के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है, जिसका सर्व समाज ने विरोध किया है। गौ सेवकों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर उचित निर्णय लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आठ दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो भूख हड़ताल सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिले भर से गौसेवक एवं समाजजन उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर जिलाधीश से मिला संघ



**देवास।** आंगनबाड़ी संघ के पदाधिकारी के डेलीकेट ने प्रदेश महामंत्री रंजना राणा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह से भेंट की। जिसमें बताया कि आगामी जनगणना का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है पूर्व में जब जनगणना का काम हुआ था तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी उसमें लगाई गई थी लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उसका कोई मानदेय नहीं दिया गया और शिक्षकों के खाते में राशि वितरण हुई थी। यदि जनगणना के कार्य में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाती है तो उन्हें भी शिक्षकों के समान ही मानदेय दिया जाए और कार्यकर्ताओं को जनगणना अधिकारी बनाया जाए। सहायक में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी नहीं लगाई जाए क्योंकि कार्य तो कार्यकर्ताओं को ही करना पड़ेगा और राशि शिक्षकों के खाते में जाएगी। एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत से काम किया लेकिन फिर भी उन्हें कोई राशि नहीं दी गई। जनगणना के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी के कार्य से मुक्त रखा जाए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रंजना राणा, संभाग उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर, जिला महामंत्री स्नेह लता गौड, सोनू पाठक, दीक्षिता त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

# शादी के जुलूस पर पत्थराव करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोनकच्छ थाना क्षेत्र के ग्राम गुराडिया रूपा में शादी के जुलूस पर पत्थराव कर अफरा-तफरी फैलाने और भय का माहौल बनाने की कोशिश करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर घेराबंदी करते हुए उन्हें हिरासत में लिया।पुलिस के अनुसार 26 फरवरी 2026 को थाना सोनकच्छ को सूचना मिली थी कि ग्राम गुराडिया रूपा में शादी का जुलूस निकल रहा था, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा जुलूस पर पत्थराव कर दिया गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से निकलवाया।घटना के संबंध में फरियादी राजकुमार सैंधव निवासी गुराडिया रूपा आमगुराडिया की रिपोर्ट पर थाना सोनकच्छ में अपराध क्रमांक 98/26.02.2026 धारा 126(2), 296(बी), 125, 131, 351(3) व 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा मांडवे के निर्देशन में थाना प्रभारी अजय गुर्जर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम ने 1 मार्च 2026 को तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश कर घेराबंदी करते हुए लखन सिंह, दीपक सिंह, राजवीर सिंह और युवराज सिंह को हिरासत में लिया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सोनकच्छ में धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सोनकच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर, उपनिरीक्षक हिमांशु पाण्डेय, उपनिरीक्षक शैलेंद्र परमार, आरक्षक सत्येन्द्र तथा चालक आरक्षक कुलदीप की सराहनीय भूमिका रही।

# कमलापुर भगोरिया मेले में उमड़ा जनसैलाब ढोल-मांदल की गूंज में रंगा पूरा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




बाहुल्य आदिवासी क्षेत्रों में आयोजित पारंपरिक भगोरिया हाट के दौरान भगोरिया महोत्सव ऐतिहासिक उत्साह, ऊर्जा और व्यापक जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इसी उत्साह के चलते सोमवार को कमलापुर भगोरिया पर्व उत्सव में तब्दील नजर आया। जहां संस्कृति, परंपरा और संगठन शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ढोल-मांदल की गूंजती थाप, बांसुरी की मधुर तान, महुआ की मादक खुशबू और बौराए आम की महक के बीच आदिवासी अंचल होली के रंग में सराबोर हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों के मनमोहक नृत्य ने माहौल को सांस्कृतिक गौरव से भर दिया। आदिवासी समाज के मुकेश वास्केल ,नंदू रावत, भगवान सिंह कासलीवाल, खुशी लाल राठौर आदि ने बताया कि भगोरिया केवल सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और संगठन शक्ति का प्रभावी प्रदर्शन भी बना। वहीं पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे ने बताया कि यह सांस्कृतिक पहचान का पर्व है ,जहां-जहां हाट लगता है, वहां वर्ष में एक दिन भगोरिया उत्सव का आयोजन होता है। यह पर्व होली से सात दिन पूर्व प्रारंभ होकर होली दहन के दिन संपन्न होता है। अंचल में लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेले लगते हैं।हालांकि वर्तमान स्थिति में रोजगार की तलाश में क्षेत्र की बड़ी आबादी अन्य राज्यों में पलायन कर जाती है, लेकिन भगोरिया के अवसर पर वे अपने गांव अवश्य लौटते हैं। इस प्रकार यह पर्व परिवारों और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम बन जाता है। सात दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में ढोल, मांदल और बांसुरी की थाप पर पारंपरिक नृत्य होते हैं। कमलापुर में कालु गुर्जर, गिरधर परमार सहित अन्य समाज जनों द्वारा जगह-जगह पर ढोल मांदल प्रमुखों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा भी उपस्थित रहे।

# 1.5 करोड़ का सोना लेकर कारीगर परिवार सहित फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में एक कारीगर कथित तौर पर करीब 1 किलोग्राम सोना, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है, लेकर फरार हो गया है। यह कारीगर पिछले करीब 35 वर्षों से शहर में सोने-चांदी की कारीगरी का काम कर रहा था। मामले को लेकर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों ने कोतवाली थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवेंद्र सोनी ने बताया कि अफसर पिता असगर अली, निवासी देवास सराफा, लंबे समय से शहर के कई व्यापारियों के लिए सोने के जेवरात तैयार करने का काम करता था। वह विभिन्न दुकानदारों से सोना लेकर आभूषण बनाने का कार्य करता था।सोनी के अनुसार अफसर अली अपने परिवार के साथ 1 मार्च 2026 की मध्यरात्रि से गायब है। उसके और उसके परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं, जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।बताया जा रहा है कि कारीगर के पास इस समय शहर के करीब 15 से 20 व्यापारियों का लगभग 1 किलोग्राम सोना था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। अचानक परिवार सहित गायब होने से सर्राफा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कर आरोपी कारीगर को जल्द पकड़ने और व्यापारियों का सोना वापस दिलाने की मांग की है। थानाप्रभारी श्याम चन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बृहन्महाराष्ट्र मंडल का 74वां अधिवेशन संपन्न, देवास की मेजबानी की हुई सराहना

# कुंभोजकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और कर्पे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली के 74वें त्रिवार्षिक अधिवेशन का तीन दिवसीय भव्य आयोजन रविवार को देवास में संपन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिन जहाँ मंडल की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, वहीं कला और संस्कृति के अनूठे संगम ने देशभर से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। अधिवेशन के जनसंपर्क प्रभारी उदय टाकलकर, अतुल मद्धव एवं शिरीष खड़ीकर ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन के अंतिम सत्र में सत्र 2026-2029 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जबलपुर के दिलीप कुंभोजकर को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। स्थानीय स्तर पर हर्ष की लहर तब दौड़ गई जब देवास के दीपक कर्पे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदों पर-प्रधान कार्यवाह शेखर अमीन (रायपुर), कार्यवाह प्रशांत बडवे (इंदौर), कोषाध्यक्ष यशोवर्धन फाटक (इंदौर), महिला उपाध्यक्ष पूनम कुलकर्णी (भोपाल), सह-कोषाध्यक्ष नितिन कपिलेश्वरकर (बेलगाँव), मालवा विभागीय सुनील धर्माधिकारी (इंदौर), विभागीय कार्यवाह सर्वोत्तम जोशी (तेलंगाना) विजयी रहे। निर्वाचन अधिकारी शरयू वाघमारे ने ट्रिब्यूनल सदस्य दिनेश शिंदे (बड़ौदा),प्रकाश कोरडे (देवास) एवं संजय कोटस्थाने के सहयोग से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष सम्पन्न करवाई तथा निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों को विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए।

#### कला दीर्घा बना आकर्षण का केंद्र

अधिवेशन में इंदौर के ख्यात पक्षी प्रेमी डॉ. अरुण खेर द्वारा प्रदर्शित दुर्लभ कलाकृतियों ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। डॉ. खेर ने पिस्ते और अंडे के छिलकों पर सूक्ष्म चित्रकारी कर अपनी अद्भुत कला का परिचय दिया। साथ ही, सागर की संध्या सरवटे की चित्रकारी की प्रदर्शनी को भी काफी सराहना मिली। इन प्रदर्शनियों का शुभारंभ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के कर-कमलों द्वारा हुआ। ताई ने दोनों कलाकारों की कला की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे बड़ी उपलब्धि बताया।

#### देवास महाराष्ट्र समाज की प्रशंसा

नवीन कार्यकारिणी के भव्य स्वागत के साथ ही देशभर से आए अतिथियों ने देवास की मेजबानी को सराहा। फरीदाबाद के शांताराम राजे, लखनऊ के धनंजय मोघे और बिलासपुर के शैलेंद्र गोवर्धन आदि ने सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए महाराष्ट्र समाज, देवास के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विशेष प्रशंसा की।

### महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**देवास।** रविवार को मां कैला देवी चौराहा स्थित अग्रकुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकुमार गुप्ता (प्रतिभा गारमेंट्स), विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल,, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल आदि उपस्थित थे।

# माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर मे माहेश्वरी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया जिसमें एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई। अध्यक्ष प्रेमलता लाहोटी, सचिव विजया बजाज, उपाध्यक्ष अर्पिता चिचाणी, कोषाध्यक्ष बृजबाला हेड़ा, सहसचिव संगीता लाहोटी, प्रचार प्रसार मंत्री सारिका सारडा के तत्वाधान में गुलाल एवं फूलों से फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समस्त माहेश्वरी समाज की सभी महिलाएं उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### भाई दूज पर 5 को कक्षा 8 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे

**ललितपुर।** जनपद के कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में 5 मार्च 2026 को भाई दूज के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जारी किया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर होली पर्व के उपरांत आने वाले भाई दूज के त्यौहार पर अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया गया था। शिक्षक संघ की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए प्रशासन ने छुट्टी की मंजूरी दे दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल पर अनिवार्य रूप से लागू होगा।

### पैसों के विवाद में युवक पर हमला, पिता को पीटा

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम रिरौंदा में पैसों के विवाद को लेकर एक युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रिरौंदा निवासी अंशुल सिंह पुत्र सुजान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका गांव के धर्मेंद्र सेन से पैसों को लेकर विवाद हुआ था, जो उस समय शांत हो गया था। आरोप है कि बाद में जब अंशुल सिंह रात में अपने घर से दूसरे घर सोने जा रहे थे, तभी रास्ते में धर्मेंद्र सेन ने उन्हें घेर लिया और जमीन पर पटककर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर अंशुल के पिता सुजान सिंह बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

### रंजिश में मारपीट कई लोग घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमल सेन निवासी ग्राम (थाना महरौनी) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर उनके घर के बाहर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में कोमल सेन सहित अन्य लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ललोन निवासी महपाल सिंह ने थाना महरौनी में दी तहरीर में बताया कि 20 फरवरी 2026 को उनके पिता राजेन्द्र सिंह अपने खेत से पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चिरौला और ललोन गांव के बीच पहुंचे, तभी चिरौला की ओर से आ रही मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.ई.7050) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों के अनुसार उपचार में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में थाना महरौनी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मां शारदा बिहार कॉलोनी में मिलन समारोह, रंग-गुलाल व मस्ती के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

**मां शारदा बिहार कॉलोनी (हैरीटेज कॉलोनी) में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़ी ही भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन एवं महिला मंडल अध्यक्ष अनीता मोदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में होली के पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बताया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका निर्देशन अंतिम जैन द्वारा किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। यह पूरा कार्यक्रम विभा ताम्रकार एवं पूनम राठौर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति ताम्रकार, रजनी बुंदेला, ऊषा शर्मा, ममता पुरोहित, अलका मित्तल, मोना सेन, शशि जैन सहित समस्त कॉलोनी के लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियाँ बांटीं।



## श्रद्धालुओं में भारी रोष, मंदिर सेवा समिति ने एसपी से लगाई गुहार

# हजारिया महादेव मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस के हाथ अब भी खाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम बांसी में स्थित प्राचीन श्री श्री 1008 श्री हजारिया महादेव एवं शनि मंदिर में हुई बड़ी चोरी का खुलासा न होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी रोष है। मंदिर सेवा समिति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती 20 फरवरी 2026 (शुक्रवार) की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर से लगभग 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के कीमती आभूषण और दान पात्र में रखी भारी नकदी पार कर दी। मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि घटना के अगले ही दिन 21 फरवरी को थाना जखौरा में साक्ष्यों के साथ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई थी। लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग लगाने में नाकाम रही है। चोरी की इस घटना से मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों और स्थानीय जनमानस की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है।

समिति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए, ताकि चोरी गया सामान बरामद हो सके और दोषियों को सजा मिल सके। ज्ञापन देते समय विजय, नरेश कुमार, रवीन्द्र कुमार, भैयालाल पुलैया, मोहन गुप्ता, मोहन लाल कुशवाहा, सुरेन्द्र योगी, पवन, विनोद गुप्ता, निशान्त, पुष्पेन्द्र सोनी, आकाश, सत्येन्द्र, गोपाल सोनी, आकाश, प्रदीप, राघवेन्द्र, रोहित, राहुल सुमन, रामस्वरूप, रिंकू, धर्मेन्द्र, अरूण गंगेले, राघवेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, संजय नामदेव, अभिषेक गुप्ता, श्याम बिहारी, प्रहलाद खटीक, रितेश गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, शिवराज, डम्पी राजा, सुजान सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।



## घर में घुसकर जानलेवा हमला किया, कार्रवाई की मांग

ललितपुर। नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष पर घर में घुसकर किए गए जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित पक्ष ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में पीड़ित ने बताया कि वह सिलाई कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे जब वह अपने घर से मोटरसाइकिल निकाल रहे थे, तभी सामने खड़े ई-रिक्शा को हटाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात पर ग्राम बस्तगुवा थाना बार निवासी कुछ लोगों ने एक राय होकर उनके पुत्र ओम नामदेव एवं भतीजे अरुण नामदेव के साथ मारपीट की। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आईं, जबकि ओम के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना डायल 112 व स्थानीय पुलिस को दी गई थी, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि इसके उलट पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा विपक्षियों से मिलीभगत कर पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया और सुबह करीब 6 बजे घर से घसीटकर अपमानित करते हुए चालान कर दिया गया। बाद में परिजनों ने थाना जखौरा पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराई गई, जिसके बाद घटना की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पंचायत चुनावों के लिए हुंकार

# आप ने केजरीवाल व सिसोदिया की रिहाई का जश्न मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कचहरी परिसर में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के कोर्ट से बरी होने पर खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही, आगामी पंचायती चुनावों को लेकर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि, बुंदेलखंड प्रांतीय अध्यक्ष विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व की रिहाई से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी पंचायती चुनावों में जिले की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी और जीत हासिल करेगी। चुनाव से पूर्व संगठन को धार देने के लिए सघन अभियान चलाकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी (एडवोकेट) ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की ईमानदार छवि और दिल्ली-पंजाब के विकास मॉडल से जनता प्रभावित है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले में आम आदमी की सेवा करना और आगामी विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी बात लखनऊ तक पहुँचाना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार किसान, गरीब या किसी भी वर्ग के विरोध में कार्य करेगी, तो पार्टी जनहित में पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी। सम्मेलन के दौरान पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार जैन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रमेश कुमार झां, गणेशराम रजक, प्रमोद नामदेव, नगर अध्यक्ष मीना राजा और मनीष जैन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष विवेक जैन, जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, कैलाश नारायण, महेंद्र पाराशर, भगवती, संमन प्रजापति, वीरेंद्र जैन, संजय दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंघई, अनिल जैन, कपिल तिवारी, कृष्णपाल यादव, निहाल यादव, जानकी प्रसाद बौद्ध और हरेंद्र झा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हनुमान जयंती पर होंगे आठ दिवसीय भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की बैठक पं. बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2 अप्रैल को मनाए जाने वाले हनुमान जयंती महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।


समिति द्वारा आयोजित 8 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत 1 अप्रैल की रात्रि से श्रृंगार, श्रीसुंदरकांड पाठ एवं जन्मोत्सव के साथ होगी। 2 अप्रैल को सुबह हवन तथा सायं 5 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सदर काटा, पानी की टंकी, रावरपुरा, महावीरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, आजाद चौक और वीर सावरकर चौक होते हुए तुवन मंदिर पर समापन करेगी। इसके बाद 3 व 4 अप्रैल को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 व 6 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 7 अप्रैल को सम्मेलन तथा 8 अप्रैल को सत्यनारायण कथा का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संचालक रमेश कुमार रावत, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भारत रिछारिया, संयोजक जगदीश पाठक, के.के. साहू, शिवकुमार शर्मा, अवधेश कौशिक, शुभम कौशिक, धर्मेंद्र चौबे, कृष्णकांत तिवारी, मोनू झा, अखिलेश साडिल, रितेश सिंघई, मुन्नालाल त्यागी, महेश नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# दुकान पर युवक ने मारपीट की, जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के व्यस्ततम ढुरा बाजार क्षेत्र में एक दुकानदार के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सदर चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित नदी पहले पार निवासी रिहान पुत्र मो. अजीज ने पुलिस को बताया कि 02 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12.30 बजे वह ढुरा बाजार स्थित अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान नदीपुरा निवासी कुछ लोग वहां आए और बिना किसी कारण के भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब रिहान ने इसका विरोध किया, तो उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायती पत्र के अनुसार, शोर-शराबा होने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं, जिससे उसे और उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी विपक्षियों पर होने की बात कही है और पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पूर्व नपाध्यक्ष बट्टू दादा की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई



**ललितपुर।** ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं. अशोक पटेरिया बट्टू दादा की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ सोमवार को मेडिकल कॉलेज ललितपुर परिसर में धूमधाम के साथ मनाई गई। ब्राह्मण महामंडल के तत्वावधान में आयोजित इस अवसर पर अन्नपूर्णा भोजनालय में निर्धन, गरीब, असहाय एवं तीमारदारों को निशुल्क भोजन कराया गया। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी, परिवारजनों एवं शुभचिंतकों सहित केक काटा। वहीं उपस्थित उनके शुभचिंतकों ने पं. अशोक पटेरिया बट्टू दादा को उनकी 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पचास वर्षों का यह पावन दांपत्य जीवन प्रेम, विश्वास, त्याग और सेवा की जीवंत मिसाल है। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष के रूप में उनका निस्वार्थ योगदान सदैव समाज को प्रेरित करता रहा है। वक्ताओं ने कहा कि बट्टू दादा का नाम ललितपुर में किसी पद या कुर्सी से बड़ा है, जो उनकी सादगी, लोकप्रियता और समाजसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। ललितपुर के विकास में उनकी भूमिका अतुलनीय है। अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घ और सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।

## राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गयी

# स्पाइन सर्जरी पर उच्चस्तरीय सीएमई, आधुनिक तकनीकों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ऑर्थोपेडिक क्लब द्वारा मेदांता हॉस्पिटल नोएडा के सहयोग से स्पाइन सर्जरी के आधुनिक उपचार, तकनीकी नवाचार और मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच पर एक महत्वपूर्ण राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थानीय होटल में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञता के चिकित्सकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के डीन एवं प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएमए अध्यक्ष डा. राजकुमार उपस्थित रहे। विशेष अतिथि वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा. आर.के. अग्रवाल, डा. डी.के. राज, एलओसी उपाध्यक्ष डा. एम.सी. गुप्ता तथा आईएमए सचिव डा.विकास जैन रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेडांता नोएडा के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डा.यशपाल सिंह बुंदेला ने दा रोल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मल्टीडिस्किपलिनरी टीम्स इन ऑप्टिमाइजिंग स्पाइन सर्जरी आउटकम्स विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक इमेजिंग, मिनिमली इनवेसिव तकनीकों, टीम-आधारित उपचार और समयबद्ध पुनर्वास की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालन (मॉडरेशन) ऑर्थोपेडिक क्लब के सचिव डा.आकाश खैरा ने किया।



शैक्षणिक बैठक में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। इनमें फिजिशियन डा.पवन सूद व डा.विनय सोनी, ईएनटी विशेषज्ञ डा.अनुपम मिश्रा, एनेस्थेटिस्ट डा.खेमचंद वर्मा, डा.सोनिया व डा. निकेता, सर्जन डा.विशाल जैन, डा.सुधीर राजक, डा.मोहित नाजा व डा.प्रतीक सिंघई, बाल रोग विशेषज्ञ डा. सुनील बरैया, डा.आलोक तिवारी, डा.मनीष गुप्ता, डा.डी.बी. सिंह व डा.अभ्युदय शर्मा तथा रेडियोलॉजिस्ट डा. शिखा नाजा शामिल रहे। साथ ही क्लब के सदस्य डा.सौरभ साहू, डा.के.के.मिश्रा और डा. मनोज वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रभात चौहान, शेष, शिवम पांडेय और ओमकारन सिंह गौर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डा.मयंक शुक्ला (मानद सदस्य) ने क्लब को उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन से मिली आधिकारिक संबद्धता पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्रीय चिकित्सा विकास, शैक्षणिक गतिविधियों और बेहतर रोगी सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का समापन आपसी वैज्ञानिक चर्चा एवं रात्रि भोज के साथ हुआ। उपस्थित चिकित्सकों ने आयोजन को ज्ञानवर्धक और क्षेत्रीय चिकित्सा समन्वय को मजबूत करने वाला बताया।

### जरूरतमंद मरीजों को ही अब मिल रहा सीटी स्कैन, सरकारी पैसे का दुरुपयोग भी हुआ कम

300 प्रतिशत तक की आई कमी लाखों की बचत

# जिला अस्पताल में फिजूल सीटी स्कैन पर लगी लगाम

**जिला अस्पताल में लंबे समय से बिना ठोस कारण कराए जा रहे सीटी स्कैन पर आखिरकार लगाम लग गई है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा की सख्ती और मॉनिटरिंग के बाद अनावश्यक सीटी स्कैन में करीब 300 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। इसका सीधा असर सरकारी खर्च पर पड़ा है और निजी कंपनी को मिलने वाले बिल में भारी कटौती हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जानकारी के अनुसार जहां वास्को सीटी स्कैन द्वारा जुलाई 25 में 1820, अगस्त में 1550 और सितम्बर में 1600 सीटी स्कैन हुआ करती थी और जिनका मासिक बिल 12 से 16 लाख के अंदर आया करता था, वहीं जनवरी 26 में 700 एवं फरवरी में 650 सीटी स्कैन रह गया है। कई मामलों में ऐसे मरीजों का भी सीटी स्कैन कर दिया जाता था, जिनके लिए एक्स-रे या सामान्य जांच ही पर्याप्त थी। अब सख्त स्क्रीनिंग और विशेषज्ञ की अनुमति के बाद ही सीटी स्कैन किया जा रहा है। नतीजा यह है कि मासिक बिल घटकर 4 से 5 लाख के बीच आ गया है।

अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह कटौती इलाज में कमी नहीं, बल्कि फिजूलखर्ची पर रोक है। गंभीर और जरूरतमंद मरीजों के सीटी स्कैन पहले की तरह जारी हैं। ट्रॉमा, ब्रेन हेमरेज, गंभीर सिर की चोट और जटिल मामलों में प्राथमिकता के आधार पर जांच की जा रही है। जानकारों का कहना है कि पहले मरीजों को एहतियात के नाम पर सीटी स्कैन की सलाह दे दी जाती थी, जिससे सरकारी बजट पर अनावश्यक बोझ पड़ता था और निजी एजेंसी को सीधा लाभ मिलता था। अब हर केस की चिकित्सकीय समीक्षा के बाद ही अनुमति दी जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य किसी भी मरीज को जांच से वंचित करना नहीं है, बल्कि मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार ही जांच सुनिश्चित करना है। जरूरतमंद मरीजों को समय पर सीटी स्कैन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कदम से न सिर्फ सरकारी खजाने को राहत मिली है, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता बढ़ी है।




### पहले और अब का अंतर

- पहले क्या हो रहा था?
- हर महीने 15 लाख रुपए से ज्यादा का बिल
- बिना ठोस कारण बड़ी संख्या में सीटी स्कैन
- निजी कंपनी को सीधा लाभ
- अब क्या बदला?
- 300 प्रतिशत तक की कमी
- मासिक बिल 4-5 लाख रुपए के बीच
- विशेषज्ञ की अनुमति के बाद ही जांच
- गंभीर मरीजों को प्राथमिकता

### कैसे लगी लगाम?

- सभी मामलों की चिकित्सकीय स्क्रीनिंग
- विभागीय मॉनिटरिंग शुरू
- अनावश्यक रेफरल पर रोक
- रिकॉर्ड की नियमित समीक्षा
- सरकारी अस्पताल में उठाया गया यह कदम बताता है कि सख्त निगरानी हो तो सरकारी धन की बचत के साथ मरीजों को भी बेहतर और जिम्मेदार इलाज मिल सकता है।

### परिजनों व समाज के लोगों ने जमकर धुलाई कर पुलिस को सौंपा

# पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पास्को एक्ट में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक मकान मालिक महेश साहू पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों ओर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी महेश साहू (50) के घर में आसपास के गांवों की नाबालिग छात्राएं पढ़ाई के उद्देश्य से किराए पर रहती थीं। एक सप्ताह पूर्व आरोपी की पत्नी राजस्थान के छबड़ा अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी, जिससे वह घर में अकेला था। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए। छात्रा ने आरोपी को संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, लेकिन परीक्षा के कारण और भयवश तत्काल किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में उसने साथ रहने वाली छात्राओं को घटना की जानकारी दी और परीक्षा देने चली गई। शाम को परीक्षा से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। रात करीब 9 बजे परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आरोपी के घर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो डिलीट किए गए वीडियो रीसाइकल बिन में मिल गए। यह देखते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के कपड़े तक फट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को भीड़ से छुड़ाया। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि पुलिस को आरोपी को पहले पैदल और फिर बाइक से थाने ले जाना पड़ा। देर रात तक थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।

खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित की गई समिति की बैठक

# हिंदू उत्सव समिति द्वारा निकाली जाएगी पारंपरिक गेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को हिंदू उत्सव समिति द्वारा पारंपरिक गेर निकाली जाएगी। इस गेर की रूपरेखा शनिवार रात्रि को शहर के खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित समिति की बैठक में तय की गई। बैठक में आगामी होली, धुलेंडी और रंगपंचमी पर्व के आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने निर्णय लिया कि यह गेर 8 मार्च को सुबह 9 बजे मातामंड मोहल्ले स्थित माता शीतला मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी। यह सुठालिया रोड, मार्केट क्षेत्र, सुभाष चौक, जगात चौक, एसडीएम निवास, एबी रोड और पीपल चौराहा होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी। चिंताहरण हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ गेर का समापन होगा। गेर के दौरान रंग-गुलाल उड़ाए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे।

बैठक में गेर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि बैठक में कई निर्णय लिए गए हैं। इसके अनुसार धुलेंडी पर्व 4 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण उस दिन धुलेंडी नहीं मनाई जाएगी। 8 मार्च को निकलने वाली गेर के संयोजक गिरिराज शर्मा होंगे, जबकि रामेश्वर सोनी और सुनील जाटव सह-संयोजक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# त्योहार को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के सर्राफ मैरिज गार्डन पर शुक्रवार रात्रि में होली रंगपंचमी के त्योहार को लेकर आयोजित की गई जिसमे सभी की सहमति से यह तय किया गया की मंगलवार 3 मार्च के दिन चंदग्रहण होने से बुधवार 4 मार्च को रंग उत्सव धुलेंडी मनाई जावेगी साथ ही रंगपंचमी का त्योहार 8 मार्च रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमे परंपरागत गैर निकाली जावेगी जिसमे नगर परिषद द्वारा फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की जावेगी साथ ही डीजे वा ढोल वा आयोजन को और भी आकर्षक बनाने के उज्जैन से कलाकारों को बुलाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा बालमुकुंद सर्राफ, रामगोपाल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश महामंत्री और पदाधिकारियों का किया स्वागत



**ब्यावरा।** शनिवार रात प्रदेश संगठन पूर्व महामंत्री नित्यानंद की माता जी स्वर्गवास होने पर उनको श्रद्धांजलि देखकर अशोक नगर से लौट कर आने पर अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शुक्रवारे अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुंदरलाल वर्मा खरगोन की दीदी पूर्व जिला मजिस्ट्रेट प्रमिला साधु छिंदवाड़ा की अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीदी ज्योति डहरिया गुना बाईपास होटल शिवानी में स्वागत किया गया।

# ग्राम पगारी बंगला में आर्मी के वीर सपूत का स्वागत



13 वर्षों की गौरवपूर्ण सैन्य सेवा के बाद गृह आगमन पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ग्राम पगारी बंगला उस समय देशभक्ति और गौरव की भावना से सराबोर हो उठा, जब राजपूत रेजीमेंट के वीर सपूत हवलदार शिवराज सिंह राजपूत के सेवानिवृत्ति उपरांत गृह आगमन पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। पुष्पवर्षा, साफा-पगड़ी एवं माल्यार्पण के साथ पूरे गांव ने अपने वीर पुत्र का अभिनंदन किया। जयघोषों से गूंजते वातावरण ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में महाराज भगवान सिंह, महाराज बजरंग सिंह, महाराज गोपाल सिंह ऊमठ, सरपंच अशोकपाल सिंह, पूर्व सरपंच बरवा कन्हैयालाल दांगी, राव भूपेंद्र सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मध्य प्रदेश, भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष करणी सेना नरसिंहगढ़, सरपंच सुरेश दांगी सहित अनेक गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वीर सैनिकों के त्याग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और नागरिक निर्भय जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं।

हवलदार शिवराज सिंह राजपूत ने 24 सितंबर 2009 को इंडियन आर्मी में फतेहगढ़ स्थित राजपूत रेजीमेंट सेंटर से भर्ती होकर सैन्य जीवन की शुरुआत की। लगभग 13 वर्षों की सेवा के बाद 28 फरवरी 2026 को वे हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए। ऑटोमैटिक गनर के रूप में उन्होंने विभिन्न संवेदनशील मोर्चों पर तैनात रहकर अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

### कांगो में अंतरराष्ट्रीय दायित्व

वर्ष 2014-15 में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत उन्हें अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो भेजा गया। वहां उन्होंने शांति स्थापना अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भारत की सैन्य प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ किया और विदेशी धरती पर भारतीय सैनिकों की वीरता का परचम लहराया।

# कर्मचारी कॉलोनी में महिलाओं ने की होलिका पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



वर्षों से चली आ रही सनातन परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी कर्मचारी कॉलोनी चौक कालापीपल में होलिका दहन की तैयारियां पूर्ण कर ली गईं। क्षेत्रवासियों में पर्व को लेकर उत्साह का वातावरण है।

निर्धारित समयानुसार शाम 5 बजे से 8 बजे के मध्य कर्मचारी कॉलोनी की माताएं एवं बहनें पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित हुईं और विधि-विधान से होलिका पूजन किया। महिलाओं ने थाल में पूजन सामग्री, दीप एवं नारियल आदि के साथ श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की तथा परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। होली का पर्व समाज में एकता, सद्भाव, भाईचारे एवं सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। आयोजन स्थल पर गोबर के उपलों से पारंपरिक रूप से होलिका सजाई गई, जिससे सनातन संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विशेष प्रबंध किए गए, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हो सके।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



होली, धुलेंडी, रंगपंचमी, शीतला सप्तमी एवं ईद त्यौहार को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने विचार विमर्श किया। एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़ तथा सीएमओ हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी संतोष सिहं, बीएमओ सुनील चौरसिया की उपस्थिति में सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे के वातावरण में मनाने पर जोर दिया। जहां पर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत सप्लाई व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। रंग पंचमी पर त्रंबकेश्वर महादेव शिव चैक से गेर निकाली जाएगी शीतला सप्तमी पर रात्रि से ही शीतला माता मंदिर परिसर में पुलिस व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्देश दिए।

### मुक्तिधाम को स्वच्छ सुंदर बनाने अध्यक्ष के साथ बैठकर बनाई कार्य योजना

# कपिलेश्वर मुक्तिधाम परिसर में पर्यावरण प्रेमियों ने की साफ सफाई व पौधों की देखरेख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों ने रविवार को कपिलेश्वर मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया के साथ मुक्तिधाम को कैसे सुंदर बनाया जाए और क्या कार्य किया जाए पर्यावरण प्रेमी दल के साथ अवलोकन किया। साथ ही जो बबुल के पौधे लगे हैं उनकी काट छांट करना उनको सुंदर बनाना और उसकी लकड़ी का उपयोग मुक्तिधाम में करना कुछ पौधे बिल्कुल सड़ गए हैं जिनको गिरने का डर है उनको जड़ से कटवा कर अलग करना जो मैदान के साफ-सफाई होगी नाले तरफ है वहां पर विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे सुरक्षा गार्ड के साथ लगाना ऐसी कार्य योजना बनी। तथा पानी की टंकी से एक या सवा इंच की पाइप लाइन मुक्तिधाम परिसर में विस्तार करना ओर जहां आवश्यकता हो वहां पर नल के पॉइंट लगाना जिससे पौधों को पानी पिलाया जा सके साथ ही पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर की साफ सफाई वहां लगे पौधों की जल सेवा की तथा सती माता मंदिर के पास शमी के पौधे का सुरक्षा गार्ड चोरी हो गया था तो नया सुरक्षा गार्ड लगाया गया और वहां के पौधों की भी जल सेवा की गई। इस दौरान मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया विष्णुप्रसाद जोशी, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, जय हिन्द दुबे सहित अन्य लोग मुक्ति धाम में उपस्थित थे।

### ग्रहण की समाप्ति के उपरांत मंदिरों में गंगाजल से करेंगे शुद्धिकरण

# होली पर ग्रहण की छाया, नगर सहित अंचल के मंदिरों के कपाट रेंहगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फाल्गुन की पूर्णिमा, जब धरा पर रंगों की रागिनी बिखरती है, जब गुलाल की सुगंध में प्रेम, उल्लास और सौहार्द का उत्सव झरता है उसी पावन रात्रि में इस वर्ष चन्द्रग्रहण का खगोलीय संयोग घटित हो रहा है। इस कारण सारंगपुर नगर सहित संपूर्ण अंचल के सभी प्रमुख मंदिरों के पट श्रद्धा, मर्यादा एवं शास्त्रीय परंपरा के अनुरूप बंद रखे जाएंगे। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार होली पर्व की रात्रि को चन्द्रग्रहण घटित होगा। शास्त्रों की परंपरा के अनुसार, ग्रहणकाल को अशुभ मानते हुए मंदिरों में भगवान की मूर्तियों के दर्शन, पूजन-अर्चन एवं आरती पर अस्थायी विराम दिया जाता है। इसी मर्यादा के पालन में यह निर्णय लिया गया है।



### नगर के प्रमुख मंदिर रहेंगे बंद

खेड़ापति हनुमान मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर बालरूप हनुमान मंदिर अंबिका माता मंदिर बदलीपुरा हनुमान मंदिर कपिलेश्वर महादेव मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के समस्त देवालयों के कपाट ग्रहण मंगलवार को प्रातः 06बजकर 20 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जो ग्रहण समाप्ति सायं 06बजकर 47 के पश्चात विधिवत शुद्धिकरण के बाद पुनः खोले जाएंगे।

### ग्रहण अवधि में थमेगी आरती की ध्वनि

खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं पवन पारीक ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 06 बजकर 20 बजे से ग्रहण का सूतककाल प्रारंभ होने से मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे, जो रात्रि 06 बजकर 47 बजे ग्रहण समाप्ति के उपरांत ही पुनः खोले जाएंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार का पूजन, भोग, अभिषेक अथवा धार्मिक अनुष्ठान वर्जित रहेगा। सकल ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष पं संजय शर्मा ने बताया कि परंपरा, शास्त्र और श्रद्धा का त्रिवेणी संगम धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहणकाल में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, अतः देवालयों में दिव्य प्रतिमाओं को सुरक्षित एवं शुद्ध बनाए रखने हेतु पट बंद रखने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। ग्रहण की समाप्ति के उपरांत मंदिरों में गंगाजल से शुद्धिकरण, अभिषेक एवं महाआरती के साथ पुनः दर्शन प्रारंभ होंगे।

**ग्रहण की समय-सारिणी**

ग्रहण प्रारंभरू सायं 05 बजकर 59 बजे,ग्रहण समाप्त सायं 06 बजकर 47 बजे,कुल अवधिरू लगभग 48 मिनट, सूतक प्रारंभरू सुबह 06 बजकर 20 बजे,यह ग्रहण भारत सहित पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस और पाकिस्तान समेत अनेक देशों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। भारत में इसकी पूर्ण दृश्यता के कारण धार्मिक प्रभाव एवं सूतक काल पूर्णतः मान्य रहेगा।